महत्वपूर्ण सूचना

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार, पटना

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक–ए/626, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800023

(वेबसाइट–www.csbc.bih.nic.in)

संदर्भ : विज्ञापन संख्या 03/2020

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में 'वनरक्षी' पद पर चयन हेतु शारीरिक परीक्षण/दक्षता परीक्षा एवं अभिलेख सत्यापन का नया कार्यक्रम

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा 'वनरक्षी' पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 03/2020 से संबंधित लिखित परीक्षा का परीक्षाफल दिनांक 19.04.2021 को प्रकाशित किया गया था।

2. लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) दिनांक 11.01.2022 से निर्धारित थी जिसे कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत स्थगित कर दिया गया था। अब यह परीक्षा दिनांक 19.04.2022 एवं 20.04.2022 को आयोजित की जायेगी । परीक्षा स्थल संजय गांधी जैविक उद्यान (गेट नम्बर–01), जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800001 होगा ।

3. **शारीरिक परीक्षण/दक्षता परीक्षा का नया कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित किया जाता हैः–**
इस शारीरिक परीक्षण/दक्षता परीक्षा में पूर्व निर्गत प्रवेश–पत्र मान्य होंगे । **पूर्व निर्गत प्रवेश–पत्र पर अंकित समय एवं स्थान तथा अन्य शर्तें यथावत रहेंगी किन्तु तिथि निम्नानुसार नई होगी।** **अभ्यर्थी नीचे अंकित विवरणी में पूर्व निर्धारित तिथि (कॉलम 'A') के सामने अंकित नई निर्धारित तिथि (कॉलम 'B' में अंकित तिथि) पर शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होंगे –**

क्रमांक	पूर्व निर्धारित तिथि	नई निर्धारित तिथि (New Date)
	A	**B**
1	11.01.2022	19.04.2022
2	12.01.2022	20.04.2022

4. प्रवेश–पत्र दिनांक 18.12.2021 से पर्षद की वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in पर उपलब्ध हैं। जिन अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश–पत्र अभी तक Download नहीं किया गया है, वे अपना प्रवेश–पत्र पर्षद की वेबसाइट पर दिए गए लिंक से Download कर सकते हैं। स्पष्ट किया जाता है कि कोई भी प्रवेश–पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किया जायेगा।

5. शारीरिक परीक्षण/दक्षता परीक्षा (PET) हेतु निर्धारित तिथि को प्रत्येक अभ्यर्थी का सम्मिलित होना अनिवार्य है, अन्यथा वे अयोग्य माने जायेंगे और उन्हें दूसरा अवसर नहीं दिया जायेगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान ही अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की भी जाँच की जाएगी।

6. शारीरिक परीक्षण/दक्षता परीक्षा (PET) के अवसर पर सभी अभ्यर्थी निर्दिष्ट समय पर अपने प्रवेश–पत्र तथा निम्नांकित मूल प्रमाण–पत्रों तथा उनकी एक सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होंगे :

i. वैध फोटोयुक्त पहचान–पत्र (जैसे– आधार कार्ड, मतदाता पहचान–पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस आदि) ।

ii. इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्णता का शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र (01.01.2020 तक या इसके पूर्व की शैक्षणिक अर्हता मान्य होगी)।

iii. जन्म तिथि का प्रमाण–पत्र (मैट्रिक सर्टिफिकेट की मूल प्रति)।

iv. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग कोटि के लिए)। महिला अभ्यर्थियों (विवाहित/अविवाहित) का जाति प्रमाण–पत्र पिता के आधार पर निर्गत होने पर ही मान्य होगा ।

v. क्रीमीलेयर में नहीं आने संबंधी प्रमाण–पत्र (पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए)। महिला अभ्यर्थियों (विवाहित/अविवाहित) का क्रीमीलेयर प्रमाण–पत्र पिता के आधार पर निर्गत होने पर ही मान्य होगा।

vi. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत बिहार राज्य के स्थायी निवासी होने संबंधी प्रमाण–पत्र (सभी आरक्षित कोटियों के अभ्यर्थियों के लिए)।

vii. बिहार राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/नातीनी (यदि लागू हो तो) होने संबंधी प्रमाण–पत्र (बिहार सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्र संख्या–11687/सा0प्र0, दिनांक–30.08.2016 में विहित प्रपत्र के अनुसार) ।

viii. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का सदस्य (यदि लागू हो तो) होने संबंधी प्रमाण–पत्र। बिहार सरकार सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या 2622, दिनांक 26 फरवरी, 2019 (गजट संख्या 284) के द्वारा विहित प्रपत्र में ।

ix. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत बिहार सरकार में कार्यरत ऐसे सरकारी सेवक होने का प्रमाण–पत्र जिन्होंने कट ऑफ तिथि तक नियमित सेवा में न्यूनतम तीन वर्षो की अवधि पूरी कर ली हो ।

x. कोविड– 19 वेक्सीनेशन प्रमाण–पत्र।

7. कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंगे, अनावश्यक रूप से अपने साथ किसी को नहीं लाएँगे, मास्क पहने रहेंगे तथा हैण्ड सैनिटाइजर, खाद्य पदार्थ एवं पेय जल साथ लाएँगे, एवं प्रशासन द्वारा इस संबंध में निर्गत सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन करेंगे ।

8. सभी उम्मीदवारों को विज्ञापन संख्या–03/2020 में वर्णित सभी शर्तो / प्रावधानों को पूरा करना अनिवार्य होगा ।

9. किसी भी विवाद में अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

ह0/–

अध्यक्ष,

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना

<u>**ज्ञापांक 20/के0च0प0(सू0)**</u>

अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक–ए/626,

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना– 800023

दिनांक 24/03/2022